**खबर संक्षेप**

## सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर 19 से 24 दिसंबर तक मनाया जाएगा

**मण्डला।** मुख्य सचिव अनुराग जैन की अध्यक्षता में बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेसिंग का आयोजन किया गया। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर के संबंध में सभी कलेक्टर्सों को आवश्यक निर्देश दिए। प्रदेश में 19 दिसंबर 2024 से 24 दिसंबर तक विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर जनकल्याण शिविरों का आयोजन किया जाएगा। जनशिविरों में प्राप्त शिकायतों, जनसुनवाई और सीएम हेल्पलाईन में लम्बित शिकायतों का निराकरण किया जाएगा। उन्होंने इसका व्यापक प्रचार-प्रसार करने के लिए कार्यशाला का आयोजन करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सुशासन की श्रेणी के संपूर्ण प्रयासों का संकलन किया जाएगा। सार्वजनिक शिकायतों और सीपीजीआरएएमएस की शिकायतों का निराकरण किया जाएगा। शासन की योजनाओं से लाभान्वित होने वाले हितग्राहियों एवं कार्यों के संबंध में सफलता की कहानी जारी की जाएगी। उन्होंने कहा कि सुशासन सप्ताह के संबंध में प्रत्येक जिले को विजन दस्तावेज बनाना होगा। जिससे शासन की योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी को रोजाना अपलोड किया जा सके। आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेसिंग में कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ, डिप्टी कलेक्टर आशुतोष ठाकुर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. केसी सरौते, सहायक आयुक्त जनजाति कार्यविभाग डॉ. संतोष शुक्ला सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

### निर्माण कार्य को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश

# कलेक्टर ने जांची सड़क की गुणवत्ता





*** प्रधानमंत्री आवास का भी किया निरीक्षण।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने बुधवार को ग्राम पंचायत तिलई में महिला स्व सहायता समूहों के लिए ग्राम संगठन सामुदायिक भवन के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्वक पूर्ण करने के निर्देश दिए। ग्राम संगठन सामुदायिक भवन के प्रांगण में फलदार पौधे लगाने को कहा। उन्होंने इस अवसर पर ग्राम पंचायत तिलई में प्रधानमंत्री आवास योजना के निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया। ग्राम पंचायत तिलई में श्री मोहन मरकाम के लिए प्रधानमंत्री आवास का निर्माण किया जा रहा है। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने प्रधानमंत्री आवास योजना के निर्माण के संबंध में श्रीमती ममता मरकाम से चर्चा की। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत उनके परिवार के लिए पक्का मकान बनाया जा रहा है। उन्हें इस संबंध में ग्राम पंचायत द्वारा सूचना दी गई कि उनका नाम प्रधानमंत्री आवास योजना में चयन कर लिया गया है। यह सुनकर वह बहुत प्रसन्न हुई। प्रधानमंत्री आवास योजना के निर्माण के लिए प्रथम किस्त जारी कर दी गई है। निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के साथ-साथ वे दुकान का भी निर्माण कर रहे हैं। जिससे वे किराना एवं गल्ला खरीदी का कार्य कर सकें। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने श्रीमती ममता मरकाम के परिवार के सदस्यों के लिए केसीसी जारी करने के निर्देश दिए। जिससे उन्हें शून्य प्रतिशत ब्याज पर ऋण प्राप्त हो सके। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने प्रधानमंत्री आवास योजना और ग्राम संगठन सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्वक समय सीमा में करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रेयांश कूमट, एसडीएम हुनेन्द्र घोरमारे, तहसीलदार नैनपुर सुश्री पूजा राणा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत विनोद मरावी सहित जिला एवं जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।



**प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का निरीक्षण किया**

कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने बुधवार को बम्हनी सारा रोड से ग्राम तिलई तक निर्माण किए गए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्य का निरीक्षण किया। 2 करोड़ 2 लाख की लागत से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का निर्माण कार्य किया गया। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क की सुरक्षा के लिए ब्रिज निर्माण करने के निर्देश दिए हैं, जिससे अत्यधिक भारी वाहन इन मार्ग से न गुजर सकें। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क की गुणवत्ता के लिए सड़क निर्माण सामग्री एवं ऊँचाई के संबंध में भी जांच किया। उन्होंने इस अवसर पर सड़कों के दोनों तरफ फलदार पौधे लगाने के निर्देश दिए।

**नवीन आँगनबाड़ी केन्द्र बर्राटोला का निरीक्षण किया**

कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने बुधवार को नवीन आँगनबाड़ी केन्द्र बर्राटोला, चिरईडोंगरी का निरीक्षण किया। उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्र के निर्माण कार्य को गुणवत्तापूर्वक होना बताया। आंगनबाड़ी केन्द्र के प्रांगण में किचनगार्डन लगाने के निर्देश दिए। आंगनबाड़ी केन्द्र में व्यवस्थित रूप से पेंटिंग व पुताई करने को कहा। आंगनबाड़ी भवन की दीवारों में बच्चों के लिए उपयुक्त पेंटिंग बनाने के निर्देश दिए। आंगनबाड़ी केन्द्र में पेवरब्लॉक भी व्यवस्थित ढंग से लगाने को कहा।

## रतनजोत के बीज खाने से बीमार हुए बच्चों के स्वास्थ्य में हो रहा सुधार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज

नारायणगंज के ग्राम पंचायत सिकोसी के पोषक ग्राम भानपुर के प्राथमिक शाला एवं आंगनबाड़ी के 20 बच्चों ने गलती से रतनजोत के बीज खा लिए। चक्कर आने और उल्टी होने पर उन्हें मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारायणगंज में भर्ती किया गया। कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार तहसीलदार नारायणगंज रैना तामिया और सीईओ जनपद पंचायत नारायणगंज, सीएमएचओ केसी सरोते सहित प्रशासनिक अमले की टीम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारायणगंज में भर्ती बच्चों की स्थिति का जायजा लेने पहुंची। इस दौरान उन्होंने बच्चों के अभिभावकों से चर्चा की। मौके पर मौजूद चिकित्सकों को लगातार बच्चों के स्वास्थ्य की स्थिति पर नजर रखने के निर्देश दिए गए। चिकित्सकों ने बताया कि सभी बच्चों की स्थिति सामान्य एवं खतरे से बाहर है। अस्पताल प्रशासन बेहतर चिकित्सीय सुविधाएँ उपलब्ध करा रहा है। बच्चों के स्वास्थ्य में तेजी से सुधार हो रहा है।

सभी प्राचार्य और प्राथमिक माध्यमिक शाला आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सख्त निर्देश दिए गए परियोजना अधिकारी संजय मोहरे द्वारा लेटर जारी किया गया कि शीघ्र ही अपने आंगनबाड़ी के आसपास में फलदार वृक्ष रामफुल रतनजोत आदि पौधों को हटाया जाए एवं तत्काल उनकी फोटो कार्यालय में उपलब्ध कराया जाए, तहसीलदार मैडम सुश्री रहना तामिया एवं कार्यपद अधिकारी जनपद पंचायत नारायणगंज के गौरी शंकर डेहरिया और पीक इन सभी ने कल आज भानपुर प्राथमिक शाला आंगनवाड़ी में जाकर अपने सामने पेड़ पौधे को हटवाया, साथ ही साल के बच्चों को अपार आईडी बनाने के लिए निर्देश दिए गए।



## ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिछिया ने धान खरीदी केंद्र पहुंचकर किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया



प्रदेश में पिछले 20 वर्षों से भाजपा की सरकार है। इस सरकार ने हर चुनाव में आपकी फसलों के दाम बढ़ाने और आपकी उन्नति के लिए सैकड़ों घोषणाएं की हैं लेकिन आज भी आपको अपनी फसलों के उचित दाम नहीं मिल रहे हैं। विधानसभा चुनाव 2013 में भाजपा ने आपको धान का समर्थन मूल्य 3100 प्रति क्विंटल एवं गेहूँ का समर्थन मूल्य 2700 प्रति क्विंटल देने की घोषणा अपने संकल्प पत्र 2023 में की थी, जिसे इन्होंने मोदी की गारंटी भाजपा का भरोसा नाम दिया था। इसी वादे पर भरोसा करके आप अन्नदाताओं ने 2023 में प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाई थी लेकिन आज प्रदेश की सरकार बने एक साल से ज्यादा का समय बीत चुका है लेकिन धान का समर्थन मूल्य 3100 प्रति क्विंटल एवं गेहूँ का समर्थन मूल्य 2700 रुपये आज भी आपको नहीं मिल रहा है। आपके हक और अधिकार का यह समर्थन मूल्य आपको दिलाने के लिए अब सड़क से सदन तक की लड़ाई लड़ने का समय आ गया है। आपके हक अधिकार के लिए कांग्रेस पार्टी महा आंदोलन कर रही है इसी तारतम्य में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिछिया के द्वारा दिनांक 18/12/24 दिन बुधवार को धान खरीदी केंद्र नेवसा सिंझौरा देई बंजारी पहुंचकर भाजपा सरकार की वादा खिलाफी का विरोध किया गया किसान न्याय महा आंदोलन जो कि विधायक नारायण सिंह पट्टा के नेतृत्व में दिनांक 23 जनवरी 2025 ग्राम अंजनिया में किया जाना है इसमें समस्त कृषकों को आर्मंत्रित किया गया। जिसमे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिछिया के अध्यक्ष प्रदीप गोस्वामी, टेकराम राय विधायक प्रतिनिधि रागनी परते जनपद सदस्य मेवा लाल धुर्वे जनपद सदस्य झुन्ना ठाकुर मोंटू खान नरेश धुर्वे संदीप सिंगौर डमरू राजपूत फग्गन सिंह मरावी अंकलेश राय भगवान सिंह मरावी चैन सिंह मरकाम इमामुद्दीन खान कृष्ण कुमार साहु समेत सैकड़ों कृषक उपस्थित रहे।

**स्वास्थ्य शिविर** | **पुलिस लाईन में आयोजित स्वास्थ्य शिविर जवानों को मिला लाभ।**

# शिविर में पुलिस जवानों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण






*** शिविर के दौरान सीपीआर का भी हुआ अभ्यास।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

रक्षित केंद्र मण्डला स्थित पुलिस अस्पताल में पुलिस जवानो, अफसरों व उनके परिजनों के लिए निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। इसमें कृष्णा हृदयालय व क्रिटिकल केयर सेंटर, नागपुर एवं सारक्षी नेत्रालय वर्धा रोड़ नागपुर के विशेषज्ञ डांक्टर व उनकी टीम ने स्वास्थ्य जांच की। शिविर में जवानों, अफसरों व परिजनों के बोन डेनसिटी चेकअप, ईसीजी, नेत्र जांच, ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर का परीक्षण किया गया व डॉ. रवि परदेशी, एमडी फिजिशियन द्वारा परिजनों को पैर व घुटने की परेशानी का निदान करते हुए उचित परामर्श दिया गया। स्वास्थ्य जांच शिविर में जिला पुलिस बल, 35वीं वाहिनी मण्डला एवं होमगार्ड के लगभग 250 अधिकारियों व कर्मचारियों सहित परिजनों ने अपना जांच कराया एवं स्वास्थ्य परामर्श लिया गया। स्वास्थ्य जांच के बाद डॉक्टरों ने जवानों को नियमित रुप से स्वास्थ्य जांच कराने की भी सलाह दी। स्वास्थ्य शिविर का औपचारिक उद्घाटन पुलिस अधीक्षक मंडला श्री रजत सकलेचा द्वारा किया गया एवं शिविर में पधारें सभी डॉक्टर एवं उनकी टीम का स्वागत करते हुए उनका आभार व्यक्त किया। पुलिस अधीक्षक मण्डला ने कहा कि स्वास्थ्य सबसे बड़ी पूंजी है। खासकर पुलिसकर्मियों का स्वस्थ रहना तो और भी जरूरी है। लोगों को बेहतर सुरक्षा उपलब्ध कराने के लिए उन्हें स्वस्थ रहना चाहिए। इस अवसर पर एसपी ने स्वास्थ्य शिविर में सभी डॉक्टरों का उनके अमुल्य समय पुलिस एवं उनके परिवारजनों को देने के लिए आभार व्यक्त किया गया। एसपी ने कहा कि स्वास्थ्य शिविर मुख्य रूप से पुलिस कर्मियों व उनके परिवारजनों के लिए आयोजित किया गया है जिससे पुलिस कर्मचारी सरलता से अपनी समय की उपलब्धता के साथ कैंप में अपना स्वास्थ्य जांच करा सकें। इस प्रकार के मेडीकल कैम्प के आयोजन से समय रहते हमारे पुलिस परिवार के लोग गंभीर बीमारियों से बच सकते हैं। उन्हें प्राथमिक स्तर पर ही बीमारी की जानकारी प्राप्त हो जाती है जिससे वह समय रहते उपचार लेकर स्वस्थ्य रह सकते हैं। हमारा प्रयास होगा कि भविष्य में इस तरह के स्वस्थ्य शिविरों का आयोजन होता रहे, साथ ही स्वास्थ्य शिविर में जिन पुलिसकर्मी को जांच के दौरान कोई गंभीर बीमारी होना पता चलता है तो विभाग द्वारा उसके बेहतर इलाज के लिए हरसंभव मदद की जाएगी। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित वर्मा, रक्षित निरीक्षक सुनिल नागवंशी, सुबेदार विवेक करोसिया सहित अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहें। सभी जवानों ने उत्साह के साथ अपनी स्वास्थ्य की जांच कराई।

## कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने धान उपार्जन केन्द्र जामगांव का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने बुधवार को धान उपार्जन केन्द्र जामगांव विकासखंड नैनपुर का निरीक्षण किया। मण्डला जिले में सभी धान उपार्जन केन्द्रों में खरीदी का कार्य प्रारंभ हो चुका है। धान उपार्जन केन्द्रों में किसानों की सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए संपूर्ण व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई है। धान उपार्जन केन्द्रों में किसानों के लिए बारदाना, छन्ना, कांटा, पंखा, छाया तथा पेयजल का प्रबंध किया गया है। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि धान खरीदी केन्द्रों में किसानों को किसी भी प्रकार की कठिनाई नहीं होनी चाहिए। किसानों का उपार्जन निर्धारित मात्रा में तत्काल खरीदा जाए। उन्होंने धान खरीदी केन्द्रों से उपार्जन की गई फसलों का तत्काल परिवहन करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने प्रत्येक धान खरीदी केन्द्रों में नोडल नंबर अंकित करने के निर्देश दिए। जिससे किसानों को किसी भी प्रकार की कठिनाई होने पर वे तत्काल संपर्क कर सकें। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री श्रेयांश कूमट, एसडीएम नैनपुर हुनेन्द्र घोरमारे, तहसीलदार नैनपुर सुश्री पूजा राणा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नैनपुर विनोद मरावी और जिला आपूर्ति विभाग के अधिकारी, कर्मचारी मौजूद थे।

## सरपंचों को एक वर्ष की कलावधि के लिए जनपद सदस्य मनोनीत किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज



जनपद पंचायत नारायणगंज में मध्यप्रदेश पंचायत एवं ग्राम स्वराज की धारा 22(4) के तहत जनपद पंचायत नारायणगंज में आज दिनांक को पीठासीन अधिकारी सुश्री रैना तामिया के समक्ष सभा गृह नारायणगंज में उपस्थित ग्राम पंचायत की सरपंच को लाट द्वारा 1 वर्षीयकलाविधी लिए जनपद सदस्य के लिए नामांकित किया जाने की प्रक्रिया की गई जिसमें मुख्य कार्यपालिका अधिकारी गौरीशंकर डेहरिया एवं खंड पंचायत अधिकारी, आर एस मरावी पांच महिला सरपंच एवं पांच पुरुष सरपंच को जनपद पंचायत में चयनित किया गया जिसमें लाट द्वारा नमामि पिता जगमोहन चक्रवर्ती उम्र 3 वर्ष ने घड़े से चिट उठाकर, पांच सरपंच महिलाएं एवं पांच पुरुष सरपंच की चिट निकालकर चयनित किया गया जिसमें सुभिया बाई ग्राम पंचायत मैली परमीबाई परते ग्राम पंचायत छपरा शांति बाई परस्ते ग्राम पंचायत खैरी ममता उईके कोवरी कला उमिया बाई ग्राम पंचायत सिंगौघा इसी तरह पंच सरपंच हरि सिंह मरकाम ग्राम पंचायत बामणी प्रेम सिंह, मार्को को ग्राम पंचायत खमरिया मोतीलाल ग्राम पंचायत कुंडा कृपाल सिंह कुशराम एवं रामचरण मसराम का चयनित किया गया जिसमें उन्हें सामान्य प्रशासन की समिति के बैठक में उपस्थित होना अनिवार्य है बैठक में 27 महिला सरपंच एवं 23 पुरुष सरपंच मौजूद थे कार्यक्रम में तहसीलदार मैडम सुश्री रैना तामिया मुख्य कार्यबां अधिकारी जनपद पंचायत नारायणगंज गौरी शंकर डेहरिया जनपद उपाध्यक्ष अविनाश शर्मा खंड पंचायत अधिकारी आरएस मरावी एवं समस्त ग्राम पंचायत के सरपंच की मौजूदगी रही।



## प्रशासन की अनदेखी के चलते हरे भरे वृक्षों को काटकर किया जा रहा भट्टो में उपयोग, लगातार आवाज उठाने के बाद भी प्रशासन नहीं दे रहा है ध्यान

# सालीचौका सहित क्षेत्र में नियम विरूद्ध चल रहे ईट भट्टों का अवैध कारोबार

सालीचौका





जहां एक ओर सरकार द्वारा हर वर्ष करोड़ो रूपया खर्च करते हुए जिस प्रकार से हरियाली महोत्सव मनाते हुए लोगों को वृक्षारोपण करने के साथ साथ उनकी रक्षा करने का संदेश दिया जाता है। वही दूसरी ओर बीते हुए वर्ष तो सच्चाई इस प्रकार से देखने मिली है कि सरकार द्वारा अपना पैसा खर्च करते हुए किसानों के खेतो पर भी वृक्षारोपण कराये गये है। मगर वही दूसरी ओर जिस प्रकार से इन वृक्षों का खुलेआम कत्लेआम हो रहा है उस सच्चाई को प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा नजर अंदाज किया जा रहा है उसके चलते क्षेत्र में पर्यावरण को तो क्षति पहुंच ही रही है। वही दूसरी ओर नगर के लोगों को भी अनेक प्रकार की परेशानियों का सामना कराने के लिए मजबूर होते हुए देखा जा रहा है? इस संबंध में बताया जाता है कि सालीचौका क्षेत्र में अनेक जगहों पर खाली पड़ी हुई शासकीय भूमि पर जहां खुलेआम मिट्टी का अवैध उत्खनन करते हुए ईट भट्टो का कार्य किया जा रहा है। वही कुछ लोगों द्वारा इस शासकीय भूमि की मिट्टी का खनन कराते हुए उसे बेचकर अपने जेबे भरने में भी कोई कसर नही छोड़ी जा रही है..? इस प्रकार से नगर के समीप चल रहे ईट भट्टो के कारण नगर सहित संपूर्ण क्षेत्र का वातावरण प्रदूषित होते हुए देखा जा रहा है तथा जब गर्मी का मौसम आता है तो गर्मी के मौसम में यहां का तापमान भी इन ईट भट्टो के चलते अधिक महसूस होने से नही चूकता है..? जबकि मिट्टी खनन से लेकर ईट भट्टो के कारोबार को संचालित करने के लिए निर्धारित नियमों व माप दंडो का पालन करना अनिवार्य होता है, जिसमें ईट भटटे को लगाने के लिए रहवासी क्षेत्रो से दूर होने के साथ साथ मुख्य मार्ग के पास नही होना चाहिए। वही दूसरी ओर ईट भट्टे को उस जगह लगाया जाता है जहां पर छोटे बच्चे आसानी से न पहुंच पाये और ईट भट्टे में लकड़ी की जगह कोयला का उपयोग करना बताया जाता है। कुछ इसी प्रकार से मिट्टी खनन करने के लिए शासकीय भूमि पर बगैर सक्षम अधिकारी के अनुमति के बगैर मिट्टी खोदना अवैधानिक बताया जाता है। वही दूसरी ओर इस प्रकार से मिट्टी की खुदाई का कार्य सार्वजनिक नदी या नाले के समीप, शासकीय भवन सहित मुख्य मार्ग के किनारे नही किया जा सकता है? मगर इसके बाद भी यहां पर देखा जा रहा है कि जहां शासकीय भूमि की मिट्टी पर खुलेआम अवैध उत्खनन करते हुए कुछ लोगों द्वारा उसका विक्रय किया जा रहा है तो दूसरी ओर कुछ लोगों द्वारा नियम विरूद्ध मिट्टी का खनन करते हुए ईटों का निर्माण भी किया जा रहा है? इतना ही नही ईटों का निर्माण करने के साथ साथ जिस प्रकार से रहवासी क्षेत्र व मुख्य मार्ग के किनारे ईट भट्टे लगाये जा रहे है उसके चलते आम लोगों के जीवन के लिए खतरा पैदा तो हो ही रहा था साथ ही साथ जिस प्रकार से इन ईट भट्टो में भारी भरकम हरे भरे वृक्षों का कत्लेआम करते हुए उन्हें ईट भट्टों में झोका जा रहा है उसके कारण पर्यावरण को क्षति पहुंचते हुए देखी जा रही है। सच्चाई पर गौर किया जावे तो अक्सर देखा जाता है कि इन ईट भटटो में जब आग लगाई जाती है तो संपूर्ण क्षेत्र में धुंआ फैलने के साथ साथ आग के अंगरे भी फैलते हुए दिखाई पड़ने से लोगों को अधिक गर्मी का अहसास होने से भी नही बच पाता है तो दूसरी ओर लोगों के खेतों में खड़ी हुई फसलों पर भी इसका विपरित असर पड़ने से नही चूकता है। इस प्रकार से खुलेआम नियम विरूद्ध हरे भरे वृक्षों का कत्लेआम करते हुए ईट भट्टो में उपयोग होने की सच्चाई व शासकीय भूमि पर चल रहे इस अवैध कारोबार को लेकर नगर परिषद सहित संबंधित विभाग की चुप्पी अनेक संदेहों का जन्म देते हुए जान पड़ रही है? इस संबंध में जब ग्राम के कुछ लोगों से चर्चा की गई तो उनका कहना है कि यह क्षेत्र शासकीय बहु मूल्य जगह मानी जाती है मगर इस जगहों पर खनन करते हुए खदानों में परिवर्तित कर दिया गया है। इस प्रकार से यहां पर बीते हुए लम्बे समय से ईट भट्टो का जिस प्रकार से कारोबार चल रहा है उसके चलते यहां पर रहने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करने के लिए मजबूर होते हुए भी देखा जा रहा है। वही दूसरी ओर जिस प्रकार से इन ईट भट्टो को पकाने के लिए हरे भरे वृक्षों का कत्लेआम करते हुए उनका उपयोग किया जा रहा है उसके चलते हरियाली उत्सव को भी ग्रहण लगने से नही चूक रहा है तो दूसरी ओर इस तरह जहां तहां हो रही गहरी खुदाई के चलते बन रहे गड्ढे निश्चित तौर से बारिश के दिनों में घातक साबित होने से भी नही चूक पाते है।

# हरिभूमि की खबर का देखने मिला असर, बुधवार को पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुये नहीं लगने दिया जाम





**साईंखेड़ा।** दादा धूनी वालों की नगरी सांईखेड़ा के अंदर से राष्ट्रीय स्तर का मार्ग होने के चलते जहां 24 घंटे यहां से छोटे बड़े वाहनों का निकलना होता रहता है। वही दूसरी ओर हर बुधवार को यहां के मुख्य मार्ग के किनारे लगने वाले साप्ताहिक बाजार के चलते जाम की स्थिति बनने से नही चूक पा रही थी। इस तरह तरह हर बुधवार को जाम लगने के कारण सबसे अधिक परेशानी उन छोटे वाहन चालकों को झेलना बड़ रही थी जो अपने जरूरी कार्य से यहां से निकल कर जा रहे होते है। वही स्कूली बच्चों की जिन्दगी खतरे से खाली नही बन पा रही थी। इतना ही नही इस तरह मुख्य मार्ग पर जाम लगने के कारण अपनी दुकाने लेकर बाजार में रोजी रोटी कमाने के लिये आने वाले दुकानदारों को भी खतरा पैदा होने से नही चूक रहा था। इस तरह हर बुधवार को यहां पर चलने वाले जिन्दगी व मौत के खेल की सच्चाई को हरिभूमि द्वारा अपने मंगलवार यानि की 17 दिसम्बर के अंक में प्रमुखता के साथ उजागर किया गया था। इस खबर को सांईखेड़ा थाना प्रभारी प्रकाश पाठक द्वारा गंभीरता से लेते हुये बुधवार को यहां पर लगने वाले बाजार के समय जहां पैनी नजर रखते हुये बडे वाहनों को कुछ समय के लिये शहर के बाहर ही रोक दिया गया था। वही यहां से निकलने वाले गन्ना से भरी हुई डबल ट्रालियों को भी रोकते हुये बाजार के बीच जमा न लगने के लिये अपने पुलिस कर्मियों को तैनात करते हुये व्यवस्थाये बनाने में विशेष भूमिका निभाई गई। ज्ञात हो कि दादा धूनी वालों की नगरी सांईक्षेड़ा के बीचों बीच से निकला हुआ स्टैट हाईवे के चलते जहां दिन भर यहां से छोटे बडे वाहनों की चमाचौकड़ी मची रहना आम बात रहती है। मगर इस समय चल रहे गन्ना के सीजन के चलते दूसरे प्रांत से आये हुये गन्ना कटाई करने वालों द्वारा जिस तरह नियमों को ताक पर रखते हुये अपने स्वार्थ के चलते मनमानी की जा रही है। वही निश्चित तौर दुर्घटनाओं का कारण बनने से नही चूक रही है। बताया जाता है कि यह लोग डीजल बचाने के चक्कर में एक ट्रेक्टर में डबल ट्राली लगाते हुये जिस तरह गन्ने का परिवहन करते हुये देखे जा रहे है। इस तरह नियमों के विपरित एक ट्रेक्टर में डबल ट्राली लगाते हुये उनका परिचालन करना जहां यातायात नियमों के खिलाफ होता है। वही दूसरी ओर हर साल देखा जाता है कि सड़क दुर्घटनाओं के चलते अनेक लोगों की मौते भी होती है। इसी बात को ध्यान में रखते हुये क्षेत्र के लोगों द्वारा इस तरह डबल ट्राली लगाते हुये ट्रेक्टरों के परि चालन पर रोक लगाये जाने की मांग की जा रही है।

# नवनियुक्त भाजपा मंडल अध्यक्ष दिग्विजय ने धूनी स्थल पर पहुंचकर किया पूजन




साईंखेड़ा

देश की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी द्वारा अपने संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिये संगठन की चुनावी प्रक्रिया को पूर्ण कराया जा रहा है। इसी के चलते बीते हुये दिवस भाजपा पार्टी द्वारा गाडरवारा विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मंडल अध्यक्षों की घोषणा किये जाने पर दादा धूनी नगरी सांईखेड़ा निवासी युवा भाजपा कार्यकर्ता दिग्विजय सिंह राजपूत को सांईखेड़ा भाजपा मंडल अध्यक्ष के पद पर नियुक्ति की घोषणा किये जाने पर जहां भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष का महौल देखने मिल रहा है। वही दूसरी ओर नव नियुक्त भाजपा मंडल अध्यक्ष दिग्विजय सिंह ने अपनी नियुक्ति के उपरांत कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर दादा धूनी वालों के धूनी स्थल पहुंचकर पूजन अर्चन किया गया। इस मौके पर भाजपा के अनेक युवा व वरिष्ठ कार्यकर्तागण मोजूद थें। वही दूसरी ओर नव नियुक्त भाजपा मंडल अध्यक्ष का नगर में अनेक जगहों पर भव्य स्वागत भी किया गया।

# पचामा के हाई स्कूल में छात्र छात्राओं को वितरित की गई साईकिलें



**हरिभूमि न्यूज/ सालीचौका।** शासकीय स्कूलों में अध्ययन करने वाले छात्र छात्राओं को निःशुल्क साईकिले प्रदान की जा रही है। इसी के चलते बीते हुये दिवस जनपद पंचायत चीचली के अंतर्गत ग्राम पंचायत पचामा के शासकीय हाई स्कूल में प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदयप्रताप सिंह का आगमन हुआ। । इस दौरान उन्होंने ग्राम में स्वास्थ्य केंद्र के उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान ग्राम मे शिक्षा व्यवस्था से जुडी जानकारी ली तथा बीते हुये साल कक्षा 10 वी का 90% परीक्षा परिणाम आने पर सभी शिक्षकों की प्रशंसा करते हुये स्कूल परिसर को भी व्यवस्थित कहा। बताया जाता है कि परीक्षा मे एक छात्र द्वारा हिंदी विषय में 100 में से 100 अंक लाने पर उन्होंने शिक्षक व छात्र दोनों की प्रशंसा करने के साथ उन्होंने आगे भी परीक्षा परिणाम को और बेहतर करने निर्देशित किया। इस दौरान उन्होंने सत्र 2024-25 के शासकीय हाई स्कूल के 7 पात्र छात्रों को साइकिल वितरण भी किया एवं शासकीय हाई स्कूल पचामा भवन मरम्मत हेतु तीन लाख रुपए की राशि प्रदान करने की भी घोषणा भी की गई।

# नगर निरीक्षक केवट द्वारा शहर में चलाई जा रही है सघन चैकिंग मुहिम

गाडरवारा



अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हे उद्देश्य से जिला पुलिस अधीक्षक श्रीमति मृगाखी डेका के कुशल नेतृत्व में पुलिस द्वारा चलाया जा रहा विशेष सर्चिंग अभियान एवं असमाजिक तत्वों एवं अवैध कारोबारियों के विरूद्ध निरंतर की जा रही कार्यवाही। उल्लेखनीय है कि क्षेत्र में अवैध कारोबार पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाने एवं अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु जिला पुलिस अधीक्षक श्रीमति मृगाखी डेका द्वारा विशेष सर्चिंग अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि क्षेत्र में अवैध कारोबार पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाने हेतु विभिन्न क्षेत्रों में नाकाबंदी की जावे साथ ही सर्चिंग अभियान चलाया जाकर संदिग्ध व्यक्तियों एवं अवैध कारोबारियों की धरपकड की जावे। निर्देशों के पालन में उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के मार्ग दर्शन में नगर निरीक्षक प्रियंका केवट द्वारा गाडरवारा थाना क्षेत्र में लगातार कार्यवाही की जा रही है। इस अभियान के तहत मुख्य रूप से धार्मिक स्थल, संवेदनशील क्षेत्र, होटल, लॉज, बैंक, एटीएम एवं संदिग्ध व्यक्तियों चैकिंग में अलग अलग पुलिस टीमों द्वारा सायंकालीन गणना के उपरान्त क्षेत्र के धार्मिक स्थल, संवेदनशील क्षेत्र, सार्वजनिक स्थानों, होटल, लॉज, बैंक, एटीएम एवं रेल्पे स्टेशन, बस स्टेण्ड के साथ-साथ संदिग्ध व्यक्तियों के चैकिंग की जा रही है। इसी के चलते बीते हुये दिवस टीआई प्रियंका केवट की टीम द्वारा नगर में अनेक जगहों पर इस अभियान के तहत चैकिंग करते हुये संदिग्धों के खिलाफ कार्यवाही की गई।

## बीपीएमयू की बैठक में दिये जरूरी दिशा निर्देश



**सांईखेड़ा।** जनपद शिक्षा केंद्र साईंखेड़ा मे विकास खंड प्रबंधन ईकाई (बीपीएमयू ) की बैठक आयोजित हुई। बताया जाता है कि इस बैठक मे बीआरसी संदीप स्थापक ने सभी जनशिक्षकों को अपार आईडी एवं एफएलएन मानिटरिंग के कार्य मे तेजी लाने के निर्देश दिए। इसके आलवा उन्होंने कहा कि 24 दिसंबर को जनशिक्षा केंद्र स्तर पर होने वाले ओलम्पियाड की तैयारी मे सभी जुट जाएँ। बैठक मे बीएसी मनीराम मेहरा एवं पवन राजोरिया ने एमडीएम मॉनिटरिंग सहित अकादमिक गुणवत्ता से सबंधित विषयो पर चर्चा भी की गई। इस अवसर पर एमआईसी वेद प्रकाश राजपूत, लेखापाल दीपक आरसे सहित सीएसी दीपक स्थापक, नेपाल झारिया, देवी सिंह कीर, प्रमोद पठारिया, बनवारी लाल नागवंशी, अपसार खान, आज़ाद कौरव, प्रदीप मालवीय, पंकज पाठक, अवधेश पटैल आदि उपस्थित रहे।

# विभागों में कर्मचारियों की कमी के चलते अनेक योजनाओं पर समय से नहीं हो पा रहा अमल, औपचारिकात पूर्ण बनी शासन की अनेक योजनाएं

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** यह बात अलग है कि केन्द्र से लेकर प्रदेश सरकार द्वारा आम लोगों के हितों को ध्यान में रखते हुए अनेक प्रकार की जन कल्याणकारी योजनाएं चलाते हुए वह आमजन का भला करने की सोच रखे हुए है, मगर उन योजनाओं का सही क्रियान्वयन की सच्चाई पर गौर किया जावे तो वह अनेक विभाग में चल रही अधिकारियों व कर्मचारियों की कमी के चलते शासकीय योजनाओं का क्रियान्वयन मात्र औपचारिकता पूर्ण ही साबित होते हुए जान पड़ रहा है..? क्योंकि सरकार की बेहतर मानी जाने वाली जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की गति वर्तमान में धीमी होने की स्थिति में इन दिनों क्षेत्रवासी निराशा में डूबने मजबूर हो गए है। जानकार सूत्रो के अनुसार यदि देखा जावे तो सरकार आमजनों के हितों को ध्यान में रखते हुए शुरू की गई अधिकांश योजनाओं के जमीनी धरातल पर अमल में लाने के लिए शासकीय विभागो में कर्मचारियों की कमी बाधा बन रही है या फिर अधिकारी अपनी वाही वाही लूटने के उद्वेश्य से उन योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने के नाम पर सिर्फ कागजों तक सीमित रखते हुए सिर्फ औपचारिकता निभाते हुए ही जान पड़ रहे है? क्योंकि लगातार जन सुनवाई कार्यक्रमों का आयोजन होने के बाद भी आये दिन लोगों को अपनी समस्याओं के चलते अधिकारियों से लेकर नेताओं के कार्यालयों के चक्कर काटते हुये आसानी से देखा जा रहा है। जिसमें उनके द्वारा अपनी शिकायतों में यह बात का उल्लेख करते हुये देखे जा रहे है कि उन्हें इस योजना का लाभ नही मिल रहा है या फिर इस समस्या से जूझ रहे है? अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि जब शासन के अधिकारियों द्वारा निर्धारित दिवसों पर जन सुनवाई या फिर शिविरों का आयोजन करते हुये शासन की योजनाओं का लाभ हितग्राहियों तक पहुंचाया जा रहा है तो फिर इसके बाद लोग परेशान होते हुये क्यों घूम रहे है, निश्चित ही आम लोगों को परेशान होते हुये देखकर इस बात का खुलासा होने से नही चूक पा रहा है कि अधिकारियों द्वारा आमजन की समस्याओं का निराकरण करने या फिर में दिलचस्वी नही ली जा रही है या फिर मात्र औपचारिकता ही निभाई जा रही है, जिसके चलते आम लोगों को परेशान होते हुये देखा जाना आम बात बन चुकी है? वही दूसरी ओर अनेक शासकीय विभाग कर्मचारियों की कमी से भी जूझते हुये देखे जा रहे है जिसके चलते आमजनों के लिये परेशानी का कारण साबित होने से नही चूक पा रहा है। क्योंकि इस समय अनेक शासकीय विभागो में कार्यरत कर्मचारियो के सेवानिवृत्त होने का सिलसिला चल रहा है और बहुत से शासकीय कर्मचारी ऐसे है जिन्हे तबादला फेक्ट्री की भेंट चढ़ा दिया गया है।

## वाहन मालिकों की मनमानी पर अंकुश न होने से रात के समय लोगो का सोना भी हो रहा है मश्किल....

गाडरवारा। शहर मे जहॉ इन दिनो ट्रैफिक की दिक्कत बनने के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है, वही दूसरी ओर इन वाहनों से निकलने वाला शोर जहां नगरवासियों को परेशानी खडा कर रहा है, वही दूसरी ओर लोगों को मानासिक टेंशन भी देता है। परेशानियां भी कम नही- सामान्यतः शहरी लोग इस शोर शराबे के आदी हो गए है। क्योंकि यह शोर उनकी जिन्दगी का एक हिस्सा बन गया है, सुबह से लेकर शाम तक उनकी जिंदगी इसी शोर के बीच गुजरती है,फिर चाहे वह कूलर,टीवी या पम्प की आवाज ही क्यों न हो परेशानी मुख्यतः ग्रामीण इलाकों से आये हुए लोगों को होती है। क्योंकि वे इस शोर के आदी नही होते है, इससे उन्हे मानासिक परेशानी होती है,शहरों में देखा जावे तो यहां हर रोज फिक की दिक्कत तो रहती ही है साथ ही शोर से लोगो के कन्फ्यूजन भी होता है और हादसे होने की संभावना रहती है। इस ध्वनि के साथ वायु प्रदुषण भी ये भारी भरकम वाहन जहां एक ओर अपने शोर से लोगों को परेशान करते है,वही इनसे निकलने वाले धुये ने लोगों का सांस लेना दूभर कर दिया है, इससे लोगो वाहन चलाने,आंखो मे जलन व सांस लेने मे भारी दिक्कत होती है। कौन से वाहन-जहां तक यदि देखा जाए तो शहर में हैवी प्रेशर हार्न की बात करें तो ये आपके वाहन पर निर्भर करता है,लेकिन प्रेशन हार्न मुख्यतः है और इनकी संख्या शहर में ज्यादा है, नगर में घूमने वाले वालों में देखा जाता है कि जिस प्रकार से कर्कस हार्न लगे होने के कारण जब उनके चालकों द्वारा हार्न बजाये जाते है तो सोते हुए लोगों की नीदे खराब हो जाती है। वही दूसरी ओर अक्सर बाहनों में जो डेक टेप रिकार्डर लगे होते है जो देर रात तक सड़को पर घूमते हुए उसे इतनी तेज आबाज में चलाते है, जिससे नगरवासी परेशान होने लगे है। यह स्थिति नगर की सड़कों पर घूमने वाले अनेक आटों में भी देखने मिल रही है, जो रात रात भर सड़को पर घूमते हुए तेज आवाज में गाना सुनते रहते है। इस स्थिति में नगरवासी रात के समय सो तक नही पाते है? वाहनो का फिटनेस टेस्ट-जहां नये एक्ट की बात है तो शासन द्वारा नित नये नियम बनाये जाते है और तोड़े भी जाते है और तो और अब ये नियम भी आचुका है कि प्रत्येक भारी वाहन मालिक को अपने वाहन का फिटनेस टेस्ट कराना होगा

# बनवारी में वीर बाल दिवस का किया गया आयोजन



**सांईखेड़ा।** सिक्खों के 10वें गुरु गोविंद सिंह जी के वीर पुत्रों, साहिबजादा ज़ोरावर सिंह और फतेह सिंह के बलिदान के मौके पर 26 दिसम्बर को वीर बाल दिवस मनाया जाता है। इस मौके पर प्रदेश के स्कूलों में 26 दिसंबर तक वीर पुत्रों के बलिदान पर केनद्रित आयोजन करने के निर्देश स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा दिए गए हे। इन्ही निर्देशों के पालन के तहत ग्राम बनवारी के शासकीय उ मा विद्यालय मे छात्र छात्राओं को वीरता आधारित फ़ल्मि दिखाई गईं एवं बच्चों को वीरता पर आधारित प्रसंग सुनाए गए। इसके अलावा विद्यालय में कक्षा 9 से 12वीं तक के विद्यार्थियों की वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में निबंध प्रतियोगिता, कविता लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य आनंद कुमार चौकसे द्वारा बच्चों को वीरता एवं साहस से कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया। इन गतिविधियों के आयोजन मे वरिष्ठ शिक्षक संतोष श्रीवास ,उमाकांत पचौरी ,लालजी प्रसाद कपाड़िया ,श्रीमती सरला झरिया,के पी वर्मा ,आशीष शर्मा, हल्के वीर पटेल ,भारती सागर ,प्रतीक गुप्ता ,पायल चौबे एंव समस्त स्टाफ का योगदान रहा।

## पुरानी धरोहर को पंचायत द्वारा किया जा रहा नजर अंदाज, जनप्रतिनिधियों की कार्यशैली पर लगा रहा प्रश्न चिन्ह?



**सांईखेडा।** अक्सर देखा जाता था कि गांवों में स्थिति कुंआ व तालवों को लोगों द्वारा निमान मानते हुए सिर्फ उनका उपयोग ही नही बल्कि भगवान का स्वरूप देते हुए पूजन भी की जाती थी? और आज जिन गांवों में यह धरोहर स्थापित है उसे लोग उपयोग करते हुए आज भी उसे भाव से पूज रहे है? मगर वही दूसरी ओर कुछ गांवों में इस प्रकार का हाल देखा जा रहा है कि पंचायत के जनप्रतिनिधियों द्वारा इन पुरानी धरोहरों को नजर अदांज कर दिया गया है जिसके चलते वह बदहाली की स्थिति में पहुंच गई है? इस बात की सच्चाई इस समय जनपद पंचायत सांईखेड़ा के अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरी मिढवानी में देख्नने मिल रही है। जहां पर बताया जाता है कि वर्षो पुरानी शासकीय कुआ का लोगों द्वारा कुछ हद तक आज भी उपयोग किया जाता है, मगर पंचयात की उदासीनत के चलते यह कुआ लगातार बदहाली का शिकार होता जा रह है? इस कुआ के सुधार हेतु पंचायत द्वारा आज तक कोई पहल नही की गई जिसका परिणाम है कि जहां कुंआ में भरा हुआ पानी खराब हो चुका है, वही जहां तहां कचरे के अम्बार लगे होने से लोग परेशान हो रहे है।

## खबर संक्षेप



### नवांकुर संस्थाओं का दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी** ।जन अभियान परिषद डिंडौरी के कार्ययोजना अनुसार किशोरी की बगिया डिण्डौरी में नवांकुर संस्थाओं का दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला पंचायत अध्यक्ष श्री रूद्रेश परस्ते व पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री कृष्णा परमार के मुख्यातिथ्य में आयोजित हुआ। दो दिवसीय प्रशिक्षण में नवांकुर संस्थाओं को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रथम सत्र में ब्लॉक समन्वयक जन अभियान परिषद श्री गणेश सिंह राजपूत व द्वितीय सत्र में अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी जनपद पंचायत बजाग अशोक कुड़ापे के द्वारा सामाजिक अंकेक्षण एवं सहभागिता विषय के बारे में जानकारी दी गई

### स्थानीय परिवाद समिति का किया जायेगा पुनर्गठन

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी** ।जिलें में महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक (निवारण, प्रतिषेध एवं प्रतितोषण) अधिनियम 2013 के संचालन हेतु महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक (निवारण, प्रतिषेध एवं प्रतितोषण) अधिनियम 2013 की धारा 7 के अंतर्गत जिला स्तरीय "स्थानीय परिवाद समिति" समिति का पुनर्गठन किया जाना है। उक्त समिति के गठन किये जाने हेतु निम्नानुसार व्यक्ति इच्छुक से आवेदन आमंत्रित किये हैं। सामाजिक कार्य क्षेत्र में प्रख्यात और महिलाओं की समस्याओं के प्रति प्रतिबद्ध महिलाओं में से अध्यक्ष नामनिर्दिष्ट की जायेगी। एक सदस्य जो जिले में ब्लॉक, तालुक या तहसील या वार्ड या नगरपालिका में कार्यरत महिलाओं में से नामनिर्दिष्ट की जायेगी। 01 महिला सदस्य, जो महिलाओं की समस्याओं के प्रति प्रतिबद्ध ऐसे गैर-सरकारी संगठनों या संगमों में सें नाम निर्दिष्ट की जायेगी या लैंगिक उत्पीडन से संबंधित विवाद्यकों से सुपरिचित हो। 01 सदस्य विधि की पृष्ठभूमि या विधिक ज्ञान वाला, महिला एवं बाल विकास में संव्यव्हार करने वाला संबंधित अधिकारी पदेन सदस्य होगा। उपरोक्त में से कम से कम एक अधिसूचित अनुसूचित जातियों या अनुसूचित जनजातियों या अन्य पिछड़ा वर्गों या अल्पसंख्यक समुदाय की महिला होगी। उपरोक्त संबंध में आवेदक को विज्ञप्ति दिनांक से 15 दिवस के अंदर कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास डिंडौरी में जमा करना जाना होगा।

### ग्राम बिजौरी में हुआ संगोष्ठी का आयोजन



**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी** । नेहरू युवा केंद्र डिंडौरी एवं जन शिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में ग्राम पंचायत बिजौरी विकासखंड डिंडौरी में लोह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल के जीवन दर्शन के बारे में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की रूपरेखा जन शिक्षण संस्थान के डायरेक्टर दिवाकर द्विवेदी के द्वारा उद्बोधन में कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल स्वतंत्रता सेनानी के साथ तथा राजनेता भी थे, उन्हें लोग सरदार पटेल के नाम से जानते थे। उन्होंने भारत के पहले उप प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया वे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता थे। स्वतंत्र भारत में एक रियासतों के एकीकरण की चुनौती को उन्होंने सफलतापूर्वक हल किया, 1947 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान गृहमंत्री के रूप में कार्य किया। कार्यक्रम में नहेरू युवा केन्द्र से आर.पी कुशवाहा, ग्राम सचिव मदन सिंह धुर्वे, रोजगार सहायक सुरेश मरावी, डॉक्टर गवले, प्राथमिक शिक्षक सुशीला मरावी अनिल धुर्वे, मायावती मरावी, देवेंद्र वर्मा सहित अन्य शामिल रहे।

## प्रभावित किसानों ने की नुकसान हुए फसलों की सर्वे की मांग

# पाले का कहर : अरहर की फसल का नुकसान, किसानों के अरमानों पर फिरा पानी





**डिंडौरी न्यूज़** । डिंडौरी जिले के करंजिया विकासखंड अंतर्गत कस्बा गोरखपुर सहित अंचल में पड़े तीन दिन की बेतहाशा ठंड के साथ फसलों पर गिरें पाले ने दलहन की अरहर की फसल को सर्वाधिक नुकसान पहुंचाया हैं । सोमवार को अरहर लगें खेतों के दृश्य और ताजा स्थिति यह है कि पाले से प्रभावित अरहर के दानों की फलियां और पत्ती पूरी तरह मुरझाने लगे दानों की डालियां सूखने लगी है ऐसे में किसानों को इस फसल से लागत वापस मिलने की उम्मीद नहीं दिख रही लिहाजा तैयार फसल को बर्बाद होता देखने मजबूर हैं यह किसानों के सामने नई मुसीबत खड़ी हो गई है। हालांकि अभी यह कहना जल्दबाजी होगी कि किस खेतिहर का कितना नुकसान हुआ क्योंकि पाले का असर तुरंत नहीं दिखता,धूप लगने के बाद ही नुकसान का वास्तविक आंकलन होगा यघपि क्षेत्र के किसान अनुभव के आधार पर शत प्रतिशत नुकसान का अनुमान बता रहे हैं।

**पाले ने किया दाल के लिए मोहताज** -बंजरटोला के किसान मतवार यादव ने आपबीती सुनाते हुए बताया कि खेत की मेढ़ो पर अरहर की फसल लगाया था फलियों में दाने आने लगें थें फसल की स्थिति देखकर कलेजा फूल गया था लेकिन पाले ने एक ही झटके में सारे अरमानों पर पानी फेर दिया फसल की दुर्गति देखकर खेतों में जाने का मन नहीं करता इनमें अब न दाने विकसित हो सकतें और न लागत वापस मिलेगा पाला ने दाल खाने से मोहताज कर दिया , सुनील सैयाम बुंदेला ने बताया कि चार दिन पहले तक अरहर की फसल पूरी तरह सुरक्षित थी।खेतों में हरी-भरी फसल देखकर सभी किसानों के चेहरों पर खुशी झलक रही थी उन्हें उम्मीद था कि अरहर की फसल से सालभर दाल खाने की व्यवस्था हो जाएगा और जो अतिरिक्त उपज बचेगा उसे अच्छे कीमतों पर बेचकर अन्य जरुरतों की पूर्ति कर लेंगे लेकिन ऐन मौके पर तुषारापात से किसानों की उम्मीदों पर पानी फिर गया। सोमवार को सुबह किसानों ने खेतों पर जाकर देखा तो पता चला कि अरहर की फसल पर पाला लग चुका हैं अब दो दिन बाद फलिया के अंदर के दाने सूख जाएंगे और इनका रंग अभी से काला दिखने लगा हैं।

**तुरंत नहीं दिखता असर** - धवाडोंगरी निवासी किसान प्रभु दयाल केवट ने बताया कि वर्तमान में हुए तुषारापात का असर फसलों पर तुरंत नहीं दिखता लेकिन दो तीन दिन बाद स्पष्ट झलक जाएगा कि अरहर की फसल को कितना नुकसान हो गया।आज सुबह वह अपने खेत पर गए थे। पौधे के ऊपर की दाने वाली फली समेत डालियां सूखने लगी है बाकी फसलें तो ठीक है क्योंकि इनकी बोवनी अभी किया गया । लेकिन ऐसी जानकारी मिल रही कि पूरे क्षेत्र में अरहर की फसल सबसे अधिक प्रभावित हैं और दो दिन धूप लगने के बाद नुकसान साफ दिखने लगेगा।

**सर्वे की मांग** -अरहर फसल में पाले लगने के बाद अब क्षेत्र के किसान सरकार से प्रभावित फसलों की मांग को लेकर लामबंद हो गए हैं उन्होंने जिला प्रशासन व संबंधित विभाग के अधिकारियों से खेतों में जाकर फसल का वास्तविक आंकलन करने का गुहार लगाया हैं,सोमवार को कस्बा आएं किसान नंदकुमार मोंगरे तबलूटोला,पनकू आर्मो भलखोहा, बिरसिंह मरावी लालपुर,ने बताया कि अरहर की फसल से आश नहीं कि दाना वापस मिल जाए क्योंकि तुषारापात के असर से दानों को पर्याप्त पोषण नहीं मिलेगा इसलिए यह सही आकार नहीं ले पाएंगे तो पौधों का विकास कैसे होगा अब कुछ नहीं होने वाला पाले ने किसानों की कमर तोड़ दी धवाडोंगरी के किसान सीताराम बंजारा ने बताया कि पाले से केवल अरहर बस की फसल प्रभावित नहीं है बल्कि सब्जी में टमाटर, बैंगन, लौकी, सेमी,लौकी, लालभाई आदि भी बुरी तरह चपेट में आ गए हैं।

किसानों के नुकसान अरहर के फसल का सर्वे कर उन्हें राहत पहुंचाने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है

**ओंमकार मरकाम क्षेत्रीय विधायक**

पटवारी के माध्यम से खेतों की वास्तविक स्थिति के बारे में जानकारी एकत्र करवा लेते हैं।

**भरत सिंह वट्टे**
**तहसीलदार तहसील**
**बजाग**

## कलेक्ट्रेट परिसर का एसडीएम ने किया निरीक्षण,अनाधिकृत तौर पर कार्य कर रहे वेंडरों को दी चेतावनी





### भोले भाले ग्रामीणों को ठग रहे अनाधिकृत वेंडर

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी न्यूज़**। बुधवार को अधिवक्ता गणों ने एसडीएम डिंडौरी से शिकायत कर आरोप लगाया था कि कलेक्ट्रेट कार्यालय के पीछे स्थित टीन सेड के नीचे स्टाम्प बेंडर, ई-पंजीयनकर्ता , टाईपिस्ट, एवं कंम्यूटर ऑपरेटर बैठते हैं। स्टाम्प वेंडर एवं ई-पंजीयनकर्ता का पंजीयन एक व्यक्ति के नाम पर है, जबकि उनके साथ अवैध रूप से बैठने वालों की संख्या अधिक है। विधि के ज्ञान का अभाव एवं भाषा की शुद्धता को दरकिनार कर इनके साथ बैठने वाले व्यक्तियों द्वारा बिना कानूनी धाराओं के ज्ञान के मनमाने आवेदन पत्र बनाये जाते हैं जो विधिक संपादन के विपरीत है। इस प्रकार के कृत्य से अभिभाषक संघ के सदस्यों की छवि को आघात पहुँचता है और यह प्रदर्शित होता है कि उक्त आवेदन पत्र अधिवक्ता द्वारा लिखे या बनाये जाते हैं जबकि ऐसा कदापि नहीं है। आवेदन, अपील, दावा इत्यादि कार्य कंप्यूटर ऑपरेटरों द्वारा बनाकर अपंजीकृत मुंशियों के माध्यम से पेश कराये जाते हैं। ऐसा भी देखने को मिल रहा है उक्त सेड में कोई भी व्यक्ति आकर विधि व्यवसाय कार्य से संबंधित कार्य कर रहा है ,और उनके द्वारा स्वयं को अधिवक्ता भी बताया जाता है। एसडीएम ने अधिवक्ता गणों की शिकायत पर केंटीन शेड का निरीक्षण करते हुए अनाधिकृत व्यक्तियों को हटाने के निर्देश दिए हैं, कार्रवाई के दौरान अधिवक्ता संघ के उपाध्यक्ष अरविंद सोनी मौजूद रहे।

## रानी अवंती बाई के शहीद स्थल बालपुर में पेंशनर्स ने मनाया पेंशन दिवस



**हरिभूमि न्यूज डिंडोरी**। प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन के जिला प्रवक्ताद्वय केशव प्रसाद पाण्डेय तथा अनिल कुमार श्रीवास्तव द्वारा जारी संयुक्त प्रेस नोट के अनुसार दिनांक 17 दिसंबर 2024 को जिले के लगभग 200 पेंशनरों ने जिले की वीरांगना रानी अवंती बाई के शहीद स्थल बालपुर (शाहपुर) में मनाया पेंशन दिवस।संगठन के जिलाध्यक्ष राम गोपाल तिवारी, कार्यकारी जिलाध्यक्ष विनोद अवधिया, जिला कोषाध्यक्ष राज नारायण दीक्षित, सहकोषाध्यक्ष गुरु प्रसाद मिश्रा जिला उपाध्यक्ष सुश्री सावित्री नामदेव, श्रीमती कीर्ति कछवाहा, श्याम लाल साहू,बी एम शुक्ला, प्रभात सोनी कार्य कारी तहसील अध्यक्ष प्रकाश चन्द्र चौरसिया (डिंडोरी) डाक्टर डी के ब्यौहार (शहपुरा)महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष श्रीमती कुंवरिया मरावी के अनुसार जहां एक ओर मुख्य अतिथि के रूप में वीरांगना रानी के सामाजिक वंशज मनोहर सिंह ठाकुर तथा दूसरी ओर वरिष्ठ पेंशनर तथा संगठन के संभागीय उपाध्यक्ष प्रकाश नारायण अवस्थी की अध्यक्षता तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ पेंशनर एवं संभागीय सचिव सेवा निवृत्त डिप्टी कलेक्टर हीरा सिंह जी मरकाम, लोकसेवा आयोग के पूर्व सदस्य डाक्टर देवेन्द्र मरकाम, महिला प्रकोष्ठ की प्रांतीय प्रतिनिधिद्वय श्रीमती सी बी उरैती तथा सुश्री मीरा श्रीवास्तव, मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष आर एन यादव, सेवा निवृत्त संभागीय लेखापाल उदयचंद मरावी के साथ ही वरिष्ठ वयोवृद्ध पेंशनर तथा वरिष्ठ सलाहकार मथुरा प्रसाद धुर्वे एवं प्रीतम प्रसाद शुक्ला,इसाफ बैंक के प्रबंधक प्रशून तिवारी, आजीविका परियोजना अधिकारी श्री दास की उपस्थिति तथा तहसील अध्यक्ष सुरेंद्र महदेल की मेजबानी में वीरांगना रानी अवंती की शहादत को नमन करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया तत्पश्चात अमरपुर शाखा की टीम द्वारा मां सरस्वती की वंदना तथा स्वागत गीत के साथ ही करंजिया शाखा से सुश्री मीरा श्रीवास्तव द्वारा वीरांगना की वीरगाथा अपने गीत में सुंदर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में उपस्थित संगठन के तहसील अध्यक्ष आर एस गुरुदेव (शहपुरा) अर्जुनसिंह नायक (बजाग) ब्लाक अध्यक्ष डी आर साहू (मेंहदवानी),डी एल यादव (शहपुरा),लोकसिंह धुर्वे (करंजिया),अंगद राम (मरावी), केदार प्रसाद पाण्डेय (समनापुर) तथा अमरपुर से भुवन लाल कुंजाम के अनुसार कार्य क्रम के अगले चरण में 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ पेंशनरों को शाल ओढ़ाकर सम्मान करने के साथ ही स्थानीय वरिष्ठ नागरिकों के साथ ही कार्य क्रम में सहयोगी वरिष्ठ अधिवक्ता रेवा पाण्डेय जी तथा उनकी टीम के सम्मान के साथ ही सहयोगी एवं राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक प्रवीण सोनकिया तथा विभिन्न विकास खण्डों से पधारे नवागत आजीवन सदस्यों का भी सम्मान किया गया। जिला शाखाध्यक्ष द्वारा नवीन पदाधिकारियों की घोषणा के साथ ही महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष श्रीमती कुंवरिया मरावी द्वारा अपनी कार्य कारिणी की घोषणा के साथ ही विशिष्ट अतिथि केरूप में उपस्थित इसाफ बैंक प्रबंधक श्री प्रशून तिवारी द्वारा अपनी बैंक की विभिन्न योजनाओं का परिचय देते हुए अपनी टीम के साथ उपस्थित सभी पेंशनरों को नव वर्ष का कैलेंडर प्रदान किया गया। तत्पश्चात उपस्थित सभी पेंशनरों द्वारा दाल-बाटी का प्रसाद ग्रहण करने के उपरांत मेजबान तहसील अध्यक्ष सुरेंद्र महदेल द्वारा उपस्थित अतिथियों सहित समस्त पेंशनरों के प्रति आभार व्यक्त किया गया तत्पश्चात मुख्य अतिथि एवं अध्यक्ष द्वारा निर्माणाधीन म्यूजियम के कैम्पस में एक पेड़ मां के नाम पर बी एल साहू की स्वर्गीय मां के नाम पर पीपल का वृक्ष रोपित किया गया। तथा वीरांगना रानी के वंशज एवं पेंशनर ठाकुर होशियार सिंह जी के दिवंगत चाचा को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ ही कार्य क्रम समापन की घोषणा की गई।

## मेकल मंडला ने कटंगी मलाजखंड को 6 विकेट से किया पराजित



**हरिभूमि न्यूज अमरपुर**। जनपद पंचायत मुख्यालय अमरपुर में यंग स्टार स्पोर्ट्स क्लब अमरपुर के तत्वाधान में स्व. लोकमन साहू खेल मैदान में आयोजित टी 20 लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के सातवें मुकाबले में बुधवार को मेकल मंडला एवं कटंगी मलाजखंड के मध्य मैच खेला गया। जिसमें ट्रांस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कटंगी मलाजखंड ने निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेटों के नुकसान पर 118 रन ही बना सकी। अपने टीम के लिए बल्लेबाजी करते हुए बल्लेबाज डम्मु 22 गेंदों पर 4 चौंके व 2 छक्कों की मदद से शानदार 32 रन, गणेश पंचेश्वर 23 रन, चंद्रपाल 22 रन एवं संदीप सोनवानी 21 रन बनाए। मेकल मंडला की ओर से घातक गेंदबाजी करते हुए पीके ने 4 ओवर में 1 मेडन ओवर रखते हुए 15 रन देकर 4 महत्वपूर्ण विकेट, अभिषेक पाठक, प्रंजल सिरसाम एवं भानू ने 1,1 विकेट हासिल किए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मेकल मंडला की टीम महज 9.2 ओवरों में 4 विकेट खोकर यह मैच आसानी से 6 विकेट से जीतकर अपने नाम दर्ज कर दूसरे चक्र में प्रवेश किया। मेकल मंडला टीम की तरफ से आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए अभिषेक पाठक ने 16 गेंदों पर 2 चौंके व 4 शानदार छक्कों की मदद से 34 रनों की धुआंधार पारी खेली, मोहित 22 रन, सिद्धार्थ पटेल 15 रन, बसंत ठाकुर 15 रन एवं भानू ने 13 रनों की पारी खेलकर अपनी टीम को आसानी से लक्ष्य तक पहुंचा दिया। कटंगी मलाजखंड ओर से गेंदबाजी करते हुए संतोष धुर्वे, शिवम धुर्वे, अंकित देशमुख और चंद्रपाल 1,1 विकेट हासिल किए। वहीं इस मैच के निर्णायक की भूमिका में अमजद खान एवं शाहिद तुर्क रहे। स्कोरिंग शिवम वनवासी, राहुल धुर्वे एवं यश नामदेव द्वारा किया गया। वहीं मैच का आंखों देखा हाल प्रदीप बनवासी द्वारा सुनाया गया। आज गुरुवार को दोपहर 12:30 बजे से प्रतियोगिता के दूसरे चक्र का पहला मुकाबला शहडोल एवं मेकल मंडला के मध्य मैच खेला जाएगा।

### महिला के घर में घुसकर मारपीट करते हुए परिवार ने दिखाई दबंगता



**शहपुरा** - लिखित आवेदन में उल्लेख है कि शहपुरा थाना अंतर्गत मिलौडी देवगांव पीड़ित महिला के घर में घुसकर दबंग परिवार ने खुली गुंडागर्दी दिखाते हुए मारपीट करते हुए गाली गलौज किया जिसके चलते पीड़ित महिला और ग्रामीणों ने पुलिस थाना शहपुरा पहुंचकर दबंग परिवार के सदस्यों के खिलाफ कार्यवाही को लेकर गुहार लगाई । मिली जानकारी के मुताबिक 14 दिसंबर 2024 की रात्रि लगभग 8:00 बजे एक दबंग परिवार पीड़ित महिला के घर में घुसकर उसके पति और पुत्र सहित अन्य लोगों के ऊपर हमला कर दिया और मारपीट कर धमकाया । पीड़ित महिला और ग्रामीणों ने पुलिस थाना शहपुरा में शिकायत करते हुए कार्यवाही को लेकर उपहार गुहार लगाई है ।

## राष्ट्र स्तर पर ईको हैकथॉन में मप्र से शीर्ष प्रदर्शन करने वाले शिक्षक अश्विनी साहू को दिल्ली में किया गया सम्मानित



**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी**। पर्यावरण एवं ऊर्जा संरक्षण कार्यक्रम में पीआई जैम फाउंडेशन एवं अमेज़ॅन फ्यूचर इंजीनियर द्वारा प्रायोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि ईको क्लब अंतर्गत डिंडौरी ज़िलें ने श्रेष्ठ पंजीयन करते हुए अधिकतम विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को नवाचारी सस्टेनेबल लाइफ स्टायल हेतु ऑनलाइन एक्टिविटी के आइडियाज फीड किये, जिस पर शिक्षक अश्विनी कुमार साहू को भारत के 5 टॉप परफ़ॉर्मर शिक्षकां में चयनित किया गया। एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर, दिल्ली में इको-हैकथॉन राष्ट्रीय-स्तरीय शोकेस में ईको वॉरियर्स के रूप में प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार की सचिव लीना नंदन, विशिष्ट सचिव तन्मय कुमार, संयुक्त सचिव नमीता प्रसाद के करकमलों से पुरस्कृत किया गया। अतिथियों ने ईको हैकथान में विद्यार्थियों शिक्षको एवं एप्को संस्था भोपाल के नोडल अधिकारी दिलीप चक्रवर्ती पर्यावरण शिक्षा अधिकारी को भी प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया गया। मध्यप्रदेश में ईको हैकथान को पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन एप्को भोपाल द्वारा कुशलता से संचालित किया गया था, नवाचारों की भूमिका को सराहा और हार्दिक शुभकामनाएं दी गई।

## बिलगढ़ा बेस्टवेयर वॉल का किया जा रहा घटिया निर्माण कार्य

### उपयंत्री, एसडीओ के अनुपस्थिति में चल रहा काम



**हरिभूमि न्यूज शहपुरा**। शहपुरा क्षेत्र में बिलगढ़ा जलाशय सिंचाई परियोजना के तहत किसानों के लिए सरकार के द्वारा अच्छी पहल करते हुए लाभ दिलाने का काम किया गया लेकिन जिले से लेकर ब्लॉक के जिम्मेदार एसडीओ उपयंत्री के द्वारा ठेकेदार के साथ मिलकर निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का उपयोग कर डेस्ट डालते हुए बेस्ट वेयर वॉल का निर्माण कराया जा रहा है निर्माण कार्य में विभाग के एसडीओ अभियांत्रिकी की अनुपस्थिति में ठेकेदार मनमानी ढंग से करा रहा है रहा है जब इस संबंध में जिम्मेदार अधिकारी उपयंत्री से बात करने की कोशिश की गई तो अधिकारी गोल-गोल जवाब देते हुए नजर आए अब इससे साफ जाहिर होता है कि इस तरह की घटिया निर्माण कार्य कितना अधिक मजबूत होगा,शासन की राशि का बंदर बाट किया जा रहा है यदि जल्द ही जिम्मेदार अधिकारी इस पर संज्ञान नहीं लेते तो जिस तरह आज इस नहर की स्थिति बनी हुई है कई गांवों तक आज भी बिलगढ़ा का पानी नहीं पहुंच सका और किसान सिंचाई के लिए पानी की आस लगाए बैठे हैं जबकि बिलगढ़ा जलाशय सिंचाई परियोजना की मरम्मत के नाम पर करोड़ों रुपए खर्च कर लिए गए और किसानों से आज भी उसकी बिल वसूले जा रहे हैं। लेकिन अभी भी किसानों को नहर से सिंचाई की सुविधा नहीं मिल पा रही है।

### बेस्ट बियर के फूटने से कई किसानों के खेत बन जाते है तालाब

आपको बता दे की सिंचाई विभाग की जिम्मेदार अधिकारियों की इसी लापरवाही के कारण बीते दिन कई बार वेस्ट बियर फूटने के कारण कई किसानों के खेत में पानी भर जाने के कारण खेत बंजर हो गए और कई बार यहां से लेकर के मुख्यमंत्री तक इसकी शिकायत हुई लेकिन जिम्मेदार अधिकारी आज भी अपनी मनमानी से बाज नहीं आ रहे हैं आखिर कब इन जिम्मेदार अधिकारियों पर लगाम लगेगी और कब किसानों को सही सिंचाई की सुविधा सुचारू रूप से मिलेगा।

## खिलाड़ियों ने किया बेहतर प्रदर्शन

# इंटर स्कूल स्पोर्टस फेस्टिवल आरोहण का हुआ भव्य शुभारंभ

### विद्यार्थियों को खेल के प्रति जोड़ने अनूठा प्रयासः दुबे

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस स्थानीय एम आई एम टी कॉलेज मे विविध खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन आरोहण के तहत किया गया। उक्त गतिविधियां उच्च शिक्षा विभाग म.प्र. शासन भोपाल एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर की खेलो इंडिया अवधारणा की दिशा में नरसिंहपुर जिले के युवा शक्ति के खेल प्रोत्साहन हेतु कराया जा रहा है जिसमें स्कूलों मे अध्ययनरत छात्र - छात्राएं अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे है। मुख्य अतिथि द्वारा आरोहण ध्वज का ध्वजारोहण किया गया तथा स्वस्थ खेल भावना के लिये खिलाड़ियों को शपथ दिलाई गयी।







**जन गण मन के साथ हुआ शुभारंभ-** इंटर स्कूल स्पोर्टस फेस्टिवल 2024 आरोहण का भव्य शुभारंभ मुख्य अतिथि संजय शर्मा पूर्व विधायक तेंदूखेड़ा, कार्यक्रम अध्यक्ष पं. मैथिलीशरण तिवारी अध्यक्ष भारत कृषक समाज नरसिंहपुर, विशिष्ट अतिथि पं. नीरज दुबे अध्यक्ष नगर पालिका नरसिंहपुर, इंजी. रुद्रेश तिवारी चेयरमैन, डॉ. अशोक कुमार गर्ग एवं अन्य गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में मां सरस्वती का पूजन अर्चन

तथा राष्ट्रगान एवं महाविद्यालय में अध्ययनरत राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियो द्वारा लाई गयी प्रज्जवलित मशाल के माध्यम से आरोहण ज्योति का प्रज्जवलन कर किया गया। आरोहण के प्रथम दिवस प्रारंभिक मैचों में बैडमिंटन, कैरम, शतरंज, खो-खो, कबड्डी, व्हालीवॉल तथा बैंड डिस्प्ले खेल विधाओं की प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें सभी खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

**खेलों से जोड़ने का अनूठा प्रयास-** किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजय शर्मा ने कार्यक्रम की प्रसंशा करते हुये विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने का बेहतर प्रयास बताया। अध्यक्षीय उद्बोधन में पं. मैथिलीशरण तिवारी ने आयोजन समिति की प्रसंशा करते हुये शिक्षा के साथ खेलो के महत्व पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि नीरज दुबे द्वारा आयोजन को विद्यार्थियों को खेल के प्रति जोड़ने तथा खेल के माध्यम से आगे बढ़ाने का माध्यम निरूपित किया। स्वागत भाषण में इंजी. रूद्रेश तिवारी द्वारा आयोजन की उपयोगिता एवं महत्व पर सारगर्भित जानकारी प्रदान की गयी तथा अतिथियों का स्वागत किया गया। प्राचार्य डॉ गर्ग द्वारा खेल प्रतिवेदन में आरोहण 2024 का विस्तार से वर्णन किया गया। एम.आई.एम.टी. एन.सी.सी. कम्पनी द्वारा आरोहण ध्वज को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। चावरा विद्यापीठ स्कूल नरसिंहपुर एवं रोशन धोरेलिया वर्ल्ड स्कूल नरसिंहपुर के स्कूली बैंड के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सी. एम. राईज स्कूल नरसिंहपुर की छात्राओं द्वारा समूह नृत्य की प्रस्तुति दी गयी। खिलाड़ी छात्र-छात्राओं द्वारा मार्चपास्ट के माध्यम से अपने स्कूल का प्रतिनिधित्व किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. पराग नेमा, श्रीमती आराधना दुबे एवं सुश्री विजेता सिधना द्वारा किया गया।

**इनकी रही उपस्थिति-** उक्त अवसर पर प्रभात मिश्रा, जी. एस. पटेल, देवेश वैद्य जिला खेल अधिकारी, मनीष कटारे, विष्णु श्रीवास्तव, राजकुमार चैबे, फौलाद पटेल, फादर बाबू जॉन, संजय नेमा, संजय मानसाता, संजय तिवारी, आरिफा खान, जय सोनी, आशीष नामदेव, अमरीश शर्मा, पंकज नेमा, संजय चैबे, विपिन महाजन, रोहित पटेल, ऋषि जाट, मुकेश नेमा, प्रभात तिवारी की उपस्थिति रहीं। निर्णायकों की भूमिका में दीपक पटवा, शिवानी, गणेश यादव, इमाम खान, संजय चौबे, आनन्द चैबे, मनीष ठाकुर, पंकज नेमा, प्रकाश विश्वकर्मा, शाकिर हसन, विजय सेन, रोहित विश्वकर्मा, सिकर सिंह रहें।

## खबर संक्षेप

### पेंशन दिवस पर बैठक का आयोजन



**नरसिंहपुर।** गत दिवस जिला पेंशनर समाज द्वारा पेंशन दिवस मनाया गया। कार्यक्रम मे सभी पेंशनर्स उपस्थित रहे। पेंशनर समाज तहसील शाखा के संरक्षक एम जी शर्मा, सी एस तिवारी, डी पी चौक से, रमाकांत गुप्ता एवं पेंशन अधिकारी पवन बघेल की उपस्थिति में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई तथा समस्याओं को सुना एवं तत्काल निदान भी किया गया। सी एस तिवारी ने संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए सभी पेंशनर्स से निवेदन किया। संगठन के अध्यक्ष अनिल राय ने कहां की सभी के सहयोग से संगठन की गतिविधियां चलाई जाएगी। यदि किसी सदस्य को कोई समस्या होगी तो उसके निदान के लिए हम सब प्रयास करेंगे।

### सेवानिवृत्ति पर शाल श्रीफल से दी विदाई



**नरसिंहपुर।** गत दिवस शिक्षा विभाग में सहायक शिक्षक पद पर होतीलाल शर्मा के 39 वर्ष 9 माह की शासकीय सेवा पूर्ण कर शा प्रा शा देवरीकला वि खं नरसिंहपुर से सेवानिवृत्त होने पर शाला परिवार द्वारा भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रा एवं मा शाला के छात्र छात्राओं, पूर्व छात्रों एवं शिक्षक, शिक्षिकाओं ने कविता, गीत और भाषण के माध्यम से अपने उदगार व्यक्त किए। कार्यक्रम में जनपद सदस्य प्रतिनिधि दिनेश भारद्वाज, सरपंच प्रतिनिधि सप्लेंद्र जाट के साथ ग्राम के वरिष्ठ नागरिक रम्मू दादा एवं अन्य गणमान्य नागरिक, जन शिक्षक द्वय हरप्रसाद कोरी एवं राजकुमार पटेल उपस्थित रहे।

### चोरी के मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार



**नरसिंहपुर।** गत दिवस थाना क्षेत्र स्टेशनगंज के चोरी के मामले मे एक वर्ष से फरार आरोपी को पकड़ने में सफलता प्राप्त हुई। ज्ञात हो कि एक वर्ष पूर्व खमतरा बायपास रोड नरसिंहपुर में सूने घर में दिन दहाडे चोरी की घटना को अंजाम दिया था। पीड़ति द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि सूने घर किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा घरपर रखे सोने चांदी के जेवरात चोरी कर लिया गया जिस पर पुलिस ने अपराध क्रमांक 1041/2023 धारा 454, 380 भादवि.कायम किया गया जो आरोपी घटना को अंजाम देने के बाद से ही फरार चल रहा था जिसकी पुलिस द्वारा हर संभव स्थान पर तलाश पतासाजी की जाकर विश्वसनीय मुखबिर लगाए गए एक लंबे इंतजार के बाद थाना स्टेशन गंज पुलिस को सफलता प्राप्त हुई जिसमें दुर्गेश ठाकुर उर्फ हरि पिता लक्ष्मी प्रसाद ठाकुर उम्र 25 साल निवासी मुशरान वार्ड, नरसिंहपुर से सघन पूछताछ की गई जिसमें उक्त चोरी करना स्वीकार किया जिसे गिरफ्तार किया गया एवं एक सोने का कड्डोरा, अंगूठी, चांदी की पायल एवं मोटर सायकल बरामद की गई। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक, हिमलेन्द्र सिंह पटेल, उनि. अर्जुन सिंह, उनि. पन्नालाल, सउनि. सतीश सिंह, प्रआर आशीष, आरक्षक संजय, आरक्षक लक्ष्मी, आरक्षक पूरन, एवं सैनिक राजेन्द्, सैनिक भूपेन्द्र की सराहनीय भूमिका रही है।

### बेसिक कम्प्यूटर व ब्यूटी पार्लर का दिया जायेगा प्रशिक्षण

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिले की ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं के लिए सेंट आरसेटी- ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान नरसिंहपुर द्वारा बेसिक कम्प्यूटर, कम्प्यूटर एकाउंटिंग और महिला ब्यूटी पार्लर का 30 दिवसीय आवासीय निःशुल्क प्रशिक्षण एक जनवरी 2025 से प्रारंभ किया जायेगा। उक्त प्रशिक्षण के लिए ग्रामीण क्षेत्र की महिलायें 21 दिसंबर से 31 दिसम्बर 2024 तक साक्षात्कार देने आ सकती हैं। प्रशिक्षण के दौरान रहना, खाना व आवास निः शुल्क मुहैया कराया जायेगा। प्रशिक्षण के लिए महिला को 10 वीं पास, ग्रामीण क्षेत्र की महिला, 18 से 45 वर्ष की आयु और जिले की निवासी होना चाहिये। यह प्रशिक्षण सुभाष वार्ड, जिला पंचायत कार्यालय के पास सेंट आरसेटी नरसिंहपुर में होगा।

## जिले में नरवाई जलाने पर रोक

**नरसिंहपुर।** नरवाई जलाने से वायु प्रदूषण तेजी से बढ़ता है। मृदा का कार्बनिक पदार्थ कम होने के साथ- साथ नरवाई जलाने से मृदा के लाभकारी सूक्ष्म जीव भी नष्ट होते हैं। धान की कटाई के उपरांत नरवाई जलाने से गेंहूँ की बुवाई समय पर नहीं हो पाती, जिससे फसल पकने की अवस्था में तापमान बढ़ने से गेहूँ की फसल को अधिक तापमान से गुजरना पड़ता है और उत्पादन पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। फसल अवशेष जलाने से पर्यावरण को क्षति पहुंचती है। इसके चलते खेत में केंचुए मर जाते हैं और लाभदायक जीवाणुओं की सक्रियता में भी कमी आती है, जिससे फसलों की पैदावार प्रभावित होती है। मृदा की उर्वरा शक्ति का ह्रास होता है। फसल अवशेष जलाने के बजाय उसे खाद बनाने की सलाह दी कृषि विभाग द्वारा दी गई है। किसानों को सलाह दी गई कि वे फसल अवशेष को जुताई कर मिट्टी में मिलाएं और इससे नाडेप या वर्मी कंपोस्ट बनाएं। इससे खेत की जलधारण क्षमता बढ़ती है और उपजाऊ शक्ति में सुधार होता है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेशों के अनुसार अब फसल कटाई के बाद नरवाई जलाने वाले किसानों पर जुर्माना लगाया जाएगा।

## डीईओ ने स्कूलों का किया निरीक्षण



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस जिला शिक्षा अधिकारी विकासखंड स्तर पर जिला स्तरीय निरीक्षण दल का गठन कर हाई स्कूल हायर सेकेण्डरी विद्यालयों की सतत मॉनिटरिंग की जा रही है। जिसके तहत जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धमना, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुराच, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय समनापुर,शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उमरिया, शासकीय हाई स्कूल इमलिया का आकस्मिक निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। विगत सत्र की अपेक्षा और अच्छे परिणाम हेतु शाला में विधिवत कार्ययोजना तैयार करने एवं परिणाम खराब आने की स्थिति में संबंधित विषय के शिक्षक की दो वेतन वृद्धि काटने के स्पष्ट निर्देश दिए।

# कैरियर काउंसलिंग के तहत बच्चों को दी जानकारियां



**तेंदूखेड़ा**

गत दिवस विकासखंड शिक्षा अधिकारी पंचम सिंह मरावी मनीष जैन प्राचार्य हाईस्कूल मडेसुर राजेश सेन के द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोभी का निरीक्षण किया तथा कैरियर काउंसलिंग मार्गदर्शन 2024 -25 के तहत कक्षा 10 एवं 12 के सभी बच्चों को आवश्यक जानकारियां एवं दिशा निर्देश दिए। करियर काउंसलिंग ग्राहकों की मदद करने के लिए मूल्यांकन उपकरणों का उपयोग करते हैं । रुचि सूची व्यक्तित्व सूची और योग्यता परीक्षण करियर काउंसलर द्वारा उपयोग की जाने वाली कुछ तकनीकों में शामिल हैं, एक चिकित्सीय संबंध विकसित करना लक्ष्य निर्धारित करना आत्म-अन्वेषण के लिए जगह बनाना नौकरी के बाजार को समझना और जीवन के विषयों को करियर लक्ष्यों में बदलने में मदद करना हमें शिक्षा के साथ-साथ अपने भविष्य के सपनों को साकार करने के लिए भी हम अपनी भविष्य का निर्माण कैसे कर सकते हैं इसकी एक सुनियोजित योजना हमारे अंदर होनी चाहिए योजना के तहत अपना जीवन यापन एवं कार्य को अंजाम देना चाहिए। एक बेहतर भविष्य के सपने को साकार कर सके कक्षा 12वीं के बाद हम अलग-अलग दिशा में निकल जाते हैं किसी की रुचि कार्य करने की होती है तो किसी की रुचि पढ़ने की होती है तो किसी की रुचि इंजीनियर डॉक्टर पुलिस अधिकारी बनने की होती है। हम इस लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए कार्य करे और आगामी दिनों में आप सभी की वार्षिक परीक्षाएं भी आयोजित होने वाली है उसकी तैयारी करते हुए बेहतर परीक्षा परिणाम लाकर अपना एवं अपने माता-पिता संस्था का नाम रोशन करें। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य के साथ साथ सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## राष्ट्र सेविका समिति द्वारा व्याख्यानमाला का आयोजन



**नरसिंहपुर।** गत दिवस राष्ट्र सेविका समिति द्वारा पुण्यश्लोका अहिल्याबाई होल्कर जी के विषय में व्याख्यान माला कार्यक्रम आयोजित की गई। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में अखिल भारतीय सह कार्यवाहिका श्रीमती सुलभा देशपांडे ताई ने अहिल्याबाई होल्कर जी के जीवन में त्याग संघर्ष और समर्पण एवं राष्ट्र प्रेम को विस्तार से बताया वहीं मुख्य अतिथि के रूप में अस्सिटेंट प्रोफेसर श्रीमती प्रीति कौरव द्वारा अहिल्याबाई होल्कर जी की वित्त संबंधी योजनाओं की पारदर्शिता के विषय में समझाया कार्यक्रम में नरसिंहपुर जिला कार्यवाहिका श्रीमती प्रवीणा गोस्वामी द्वारा प्रस्तावना प्रस्तुत की गई मंच संचालन श्रीमती नमिता साहू द्वारा किया गया। अहिल्याबाई होल्कर जी के जीवन पर आधारित गीत की प्रस्तुति श्रीमती भारती कौरव द्वारा रही। आभार श्रीमती नमिता कौरव द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जबलपुर से पधारे प्रांत प्रचारिका सुश्री वसुधा सुमन दीदी एवं प्रांत की दायित्ववान बहनों की उपस्थिति रही ।

# ओलम्पियाड परीक्षा की दी जानकारी

**तेंदूखेड़ा** चॉवरपाठा विकासखण्ड के अंतर्गत आने वाले शासकीय प्राथमिक माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 2 से 8 के 3628 विद्यार्थियों के लिए ओलम्पियाड जनशिक्षा केन्द्र स्तर प्रथम चरण की परीक्षाएं 24 दिसंबर को 9 जनशिक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जाएगी। विकासखंड स्रोत समन्वयक ने जानकारी देते हुए कहा कि कक्षा 2 से कक्षा 5 तक सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक माध्यमिक कक्षा6 से कक्षा 8 तकसुबह 11 से दोपहर 2 तक सम्पन्न होगी प्रत्येक जनशिक्षा केन्द्र प्रभारी परीक्षा के केन्द्राध्यक्ष होंगे।विद्यार्थियों की सौ प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी इसके लिए सभी प्रधानपाठक एवं शिक्षकों को दायित्व सौंपे गये है।

**ओलम्पियाड परीक्षा संचालन और निगरानी**

वीआरसी ने बताया कि 20 विद्यार्थियों पर एक परीक्षक नियुक्त की जाये डेस्क की व्यवस्था सुनिश्चित करें। डेस्क न होने पर राइटिंग पैड उपलब्ध कराएं। विद्यार्थियों को जनशिक्षा केन्द्र तक लाने-ले जाने की जिम्मेदारी प्रधानाध्यापक की होगी।प्रति विद्यार्थी 50 रुपए शाला प्रबंधन मद से व्यय किया जाएगा।

**प्रश्नपत्र और ओएमआर शीट की प्रक्रिया**

प्रश्नपत्र ओएमआर शीट और उपस्थिति पत्रक ब्लॉक और जनशिक्षा केन्द्र तक पहुंचाने के लिए रूटचार्ट तैयार किया जाएगा।परीक्षा शुरू होने से 30 मिनट पहले यानी सुबह 10:30 बजे ओएमआर शीट वितरित की जाएगी। पर्यवेक्षक सुनिश्चित करेंगे कि सभी परीक्षार्थी ओएमआर शीट पर रोल नंबर नाम और कक्षा की सही जानकारी भरें। ओएमआर शीट को नीले काले बॉलपेन या एच बी पेंसिल से भरा जाएगा।

**भोजन और अन्य सुविधाएं**

परीक्षा दिवस पर विद्यार्थियों के लिए भोजन की व्यवस्था की जाएगी।प्रति विद्यार्थी 30 रुपए व्यय राशि निर्धारित की गई है। सभी शिक्षक इस ओलम्पियाड का आयोजन विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने और उन्हें प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। सभी व्यवस्थाओं और निर्देशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करें।

## परिजनों ने लगाया स्वास्थ्य विभाग पर लापरवाही का आरोप

# ग्राम साकल में टीकाकरण के बाद नवजात की मौत



**गोटेगांव**

गोटेगांव के अंतर्गत ग्राम साकल में एक दिल दहलाने वाली घटना सामने आई है ग्राम के आंगनबाड़ी केंद्र में एक दो माह के बच्चे का टीकाकरण किया गया, जिससे टीका लगाए जाने के कुछ समय बाद ही बच्चे की मौत हो गई,मृत बच्ची के पिता का नाम मुकेश महोबिया, माता का नाम पूजा महोबिया निवासी ग्राम साकल बताया जा रहा है, वहीं परिजनों का आरोप है कि टीका लगाने वाली स्वास्थ्यकर्मी ने लापरवाही बरती,उनका कहना है कि बच्चे का वजन सामान्य से कम था और उसे टीका लगाने से पहले उसकी स्वास्थ्य जांच में लापरवाही की गई, परिजनों ने इस घटना के लिए सीधे तौर पर स्वास्थ्य विभाग को जिम्मेदार ठहराया है,यह मामला स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है,ऐसी घटनाएं यह दर्शाती हैं कि टीकाकरण जैसी महत्वपूर्ण प्रक्रिया में विभाग पर्याप्त सतर्कता और सावधानी नहीं बरत रहा है,फिलहाल इस मामले में जांच जारी है और प्रशासन यह पता लगाने की कोशिश कर रहा है कि यह चूक स्वास्थ्यकर्मी की थी या प्रक्रिया में किसी और स्तर पर लापरवाही हुई,लेकिन यह घटना परिजनों के लिए अपूरणीय क्षति है,प्रशासन को सख्त कदम उठाने की जरूरतयह घटना स्वास्थ्य विभाग के लिए एक गंभीर चेतावनी है,सरकार और स्वास्थ्य विभाग को चाहिए कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो और टीकाकरण प्रक्रिया को और अधिक सख्त और व्यवस्थित किया जाए।

# बगासपुरः पोस्ट मास्टर की लापरवाही से जनता परेशान

**गोटेगांव** समीपवर्ती ग्राम पंचायत बगासपुर में स्थित डाकघर में पोस्टमास्टर की मनमानी और लापरवाही से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सरकारी नियमों के अनुसार, डाकघर का समय सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक निर्धारित है। लेकिन स्थानीय लोगों का कहना है कि पोस्टमास्टर अक्सर सुबह 11 बजे के बाद कार्यालय पहुंचते हैं।डाकघर ग्रामीणों के लिए आवश्यक सेवाओं का केंद्र है, जहां लोग पैसे जमा करने, निकालने, डाक भेजने और अन्य आवश्यक कार्यों के लिए आते हैं। लेकिन पोस्टमास्टर की इस लापरवाही के कारण ग्रामीणों को बार-बार बिना काम के लौटना पड़ता है। कई बार दूर-दराज के गांवों से आए लोगों को भी निराशा का सामना करना पड़ता है।ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार पोस्टमास्टर से समय पर आने का अनुरोध किया, लेकिन उनकी ओर से कोई सुधार नहीं किया गया। इसके अलावा,



पोस्टमास्टर का व्यवहार भी अक्सर ग्रामीणों के प्रति असहयोगात्मक होता है।गांव के समाजसेवी और जनप्रतिनिधि इस समस्या को लेकर नाराज हैं। उन्होंने उच्च अधिकारियों से अपील की है कि इस मामले की जांच कर दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों का कहना है कि यदि इस लापरवाही को जल्द नहीं सुधारा गया, तो वे बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन करेंगे।डाकघर जैसी महत्वपूर्ण सेवाओं की अनदेखी प्रशासन की कार्यक्षमता पर सवाल खड़े करती है। अब देखना होगा कि संबंधित अधिकारी इस मामले को गंभीर1

# जिला स्तरीय जूनियर महिला कबड्डी टूर्नामिंट का चयन आरंभ

**गोटेगांव**

राज्य स्तरीय कबड्डी टूर्नामेंट के लिए महिला वर्ग (जूनियर) का चयन गोटेगांव के सुभाषचंद्र बोस मिनी स्टेडियम ग्राउंड में शुरू हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मणि नागेंद्र सिंह फाउंडेशन के सचिव सरदार सिंह पटेल कबड्डी फेडरेशन नरसिंहपुर वेयरहाउस प्रबंधक ब्रांच मैनेजर लक्ष्मी ठाकुर द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ हनुमान जी महाराज की मूर्ति का पूजन अर्चन कर खिलाड़ियों से परिचय लिया वही सरदार सिंह पटेल ने कहा कि कबड्डी जैसे खेल न केवल शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देते हैं, बल्कि युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास का भी विकास करते हैं। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा और मेहनत से क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया,जिला स्तरीय इस चयन प्रक्रिया में प्रतिभागी खिलाड़ियों ने पूरे जोश और ऊर्जा के साथ भाग लिया। चयनित टीमों को अब राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का मौका मिलेगा।कार्यक्रम के सफल आयोजन में स्थानीय खेल अधिकारियों और आयोजकों का विशेष योगदान रहा,कार्यक्रम में उमाशंकर छिरा,विकास शर्मा,महेंद्र कौरव, शोभाराम दोहैया,उमाकांत राजपूत राहुल नामदेव उपस्थित रहे।



**कार्यालय सचिव मेला समिति बरमान मेला 2025**

क्रमांक/01/बरमान मेला/2024 **/ / सीमित निविदा / /** चांवरपाठा/दिनांक 17/12/2024

माँ नर्मदा के तट पर मकर संक्रांति पर्व पर जनवरी 2025 में आयोजित बरमान मेला दि. 12.01.2025 से 05.02.2025 तक आयोजित है, में निम्नलिखित कार्यो के लिए मोहरबन्द निविदायें ठेकेदारों, एजेन्सियों व इच्छुक व्यक्तियों से दिनांक 24.12.2024 को समय सांय 04:00 बजे तक सचिव मेला समिति बरमानखुर्द एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत चांवरपाठा के कार्यालय में आमंत्रित किये जाते है:- 1. मेलास्थल बरमानखुर्द की साफ-सफाई कार्यो का प्रबंध (अधिकतम राशि 1,20,000) 2. मेलास्थल बरमानखुर्द पार्किंग समतलीकरण, अस्थाई रोड़, मेलास्थल में समतलीकरण कार्य (अधिकतम राशि 80,000) 3. मेलास्थल बरमानखुर्द टेन्ट व्यवस्था (अधिकतम राशि 1,40,000) 4. मेलास्थल बरमानखुर्द में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था (अधिकतम राशि 1,90,000) 5. मेलास्थल बरमानखुर्द रेतघाट पर अस्थाई शौचालयों का निर्माण व प्रबंध (अधिकतम राशि 1,40,000) 6. मेलास्थल बरमानखुर्द वाहन स्टेण्ड पार्किंग व्यवस्था का प्रबंध (न्यूनतम राशि 90,000) 7. मेलास्थल बरमानखुर्द सी.सी.टी.व्ही कैमरा (50 कैमरा 5एम.पी.) सैट -अप हेतु निविदा (अधिकतम राशि 1,00000) 8. मेलास्थल बरमानखुर्द भोजन व्यवस्था हेतु 9. मेलास्थल बरमानखुर्द वर्ष 2025 हेतु प्रिंटिंग कार्य 10. मेलास्थल बरमानखुर्द वर्ष 2025 एडवर्टाइजिंग हेतु 11. मेलास्थल बरमानखुर्द वर्ष 2025 हेतु पेंटिंग कार्य।

उक्त टैण्डर दिनांक 24.12.2024 को समय सांय 04:30 बजे सचिव मेला समिति बरमानखुर्द एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत चांवरपाठा के कार्यालय में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अनुविभाग गाडरवारा एवं नोडल अधिकारी मेला समिति बरमानखुर्द की अध्यक्षता में गठित कमेटी द्वारा खोली जायेगी। निविदा फार्म, प्रत्येक मद का ब्यौरा व शर्ते इत्यादि की जानकारी कार्यालय जनपद पंचायत चांवरपाठा सोमवार से शुक्रवार कार्यालयीन समय में देखी / प्राप्त की जा सकती है। धरोहर राशि नगद के अतिरिक्त निविदा फार्म की शुल्क राशि 1000/- रुपये नगद जमा कर प्राप्त कर सकते है ।

**सचिव**
**मेला समिति बरमानखुर्द**
**एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**जनपद पंचायत चांवरपाठा**